इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न [खंड 'क' (26) + खंड 'ख' (8) + खंड 'ग' (8) + खंड 'घ' (8)] तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | |

Code No.
कोड नं० **34/ISS/2**

Set/सेट A

1531 हिन्दी

(301)

Day and Date of Examination .....

Signature of Invigilators 1. .....

2. .....

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि पुस्तिका के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 34/ISS/2, सेट A लिखें।

हिन्दी

(301)

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं—खंड 'क', खंड 'ख', खंड 'ग' और खंड 'घ'।

(ii) खंड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खंड 'ख', खंड 'ग' और खंड 'घ' में से **केवल एक खंड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खंड 'क' 80 अंकों का और खंड 'ख' **अथवा** खंड 'ग' **अथवा** खंड 'घ' 20 अंकों का है।

खंड–क

1. संदर्भ और प्रसंग का उल्लेख करते हुए व्याख्या कीजिए :

(क) जो रहीम ओछो बढ़ै, तो अति ही इतराय।
प्यादे सों फरजी भयो, टेढ़ो-टेढ़ो जाय॥

(ख) रहिमन अँसुवा नयन ढरि, जिय दुख प्रगट करेइ।
जाहि निकारा गह त, किसि न भेद काहे दइ॥ 5

अथवा

कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार;
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत-नयन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार;
सामने तरु-मालिका अट्टालिका, प्राकार।

दी **अथवा** प्रगतिवादी काव्यधारा की **तीन** प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3

2. छायावा

य की कविता 'मुझे कदम-कदम पर' **अथवा** महादेवी वर्मा की किसी पठित कविता का मूल भाव स्पष्ट 3

3. मुक्तिबो
कीजिए।

4. पठित रचनाओं के आधार पर तुलसी **अथवा** अज्ञेय के काव्यशिल्प की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

5. 'परशुराम के उपदेश' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालने का आग्रह क्यों कर रहा है। 2

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

आज जैसा माहौल हो गया है उसमें किताब की बात करना सचमुच बहुत फालतू, अप्रासंगिक और हास्यास्पद-सा लगने लगा है—लगता है जैसे आप भैंस के आगे बीन बजा रहे हों। मगर इस सच्चाई को हम कैसे नज़रअंदाज कर दें कि दुनिया के सशक्ततम राष्ट्र वे ही हैं जिनके लिए किताबों से जुड़े लोग महत्त्वपूर्ण रहे हैं।

अथवा

सचमुच एक टीले पर पहुँचकर वह खुला विस्तार सामने फैला दिखाई दे गया—वहाँ से दूर तक रेत की लंबी ढलान थी, जैसे वह टीले से समुद्र में उतरने का रास्ता हो। सूर्य तब पानी से थोड़ा ही ऊपर था। अपने प्रयत्न की सार्थकता से संतुष्ट होकर मैं टीले पर बैठ गया। ऐसे, जैसे वह टीला संसार की सबसे ऊँची चोटी हो, और मैंने, सिर्फ मैंने, उस चोटी को पहली बार सर किया हो।

जगदीशचंद्र बसु के **तीन** महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक आविष्कारों पर प्रकाश डालिए। 3 **7**

अथवा

'संस्कृति और समन्वय' पाठ के आधार पर लिखिए कि संस्कृति और कल्चर कैसे भिन्न हैं।

पठित पाठों के आधार पर विद्यानिवास मिश्र **अथवा** रामचंद्र शुक्ल की भाषा-शैली की **तीन** विशेषताओं पर [illegible] **8**

[illegible] 2

अथवा

'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो' पाठ के आधार पर लेखक द्वारा सुझाए गए उन्नति के **दो** उपायों का उल्लेख कीजिए।

[illegible] **1**

11. 'पंचनदा' नाम क्यों पड़ा? उपन्यास के आधार पर उत्तर दीजिए।

12. 'विराटा की पद्मिनी' के लेखक कौन हैं? उनकी एक अन्य कृति का नाम लिखिए।

13. 'विराटा की पद्मिनी' की भाषा-शैली की **चार** प्रमुख विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

अथवा

'विराटा की पद्मिनी' में इतिहास और कल्पना का समन्वय है। इस कथन के समर्थन में **चार** तर्क दीजिए।

14. छोटी रानी **अथवा** रामदयाल के चरित्र की **तीन** प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

15. पाठ के आधार पर चिंतन प्रक्रिया के आधार स्पष्ट कीजिए।

16. हरे पेड़ और सूखे ठूँठ की भाँति अवसर पड़ने पर विनम्र अन्यथा दृढ़ बना रहना कहाँ तक उचित है? पक्ष या विपक्ष में **दो** तर्क दीजिए।

17. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस छन्द में लिखी गई हैं?

सुनि मुनि वचन रामरुख पाई।
गुरु साहिब अनुकूल अघाई॥

18. निम्नलिखित पंक्तियों में संकेतित रस का नाम लिखिए :

कहत नटत रीझत खिझत, मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन में करत हैं, नैनन ही सो बात॥

19. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) नीलकमल, आजीवन (समास का नाम लिखिए) 1

(ख) मोटापा, अनजान (प्रत्यय और उपसर्ग अलग कीजिए) 1

(ग) दीआसलाई, श्रीमति (वर्तनी शुद्ध कीजिए) 1

(घ) इत्यादि, देव + ईश (संधिच्छेद और संधि कीजिए) 1

(ङ) प्रशंसा, आशंका, विश्वास, निंदा (परस्पर विलोम शब्द छाँटकर लिखिए) 1

20. उत्प्रेक्षा **अथवा** मानवीकरण अलंकार का **एक** उदाहरण लिखिए। 1

21. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम लिखिए :

(क) जन-मन करुणा-सी माँ को हंकाल दिया 1

(ख) पतनी पतिप्रेम परायण भारी 1

22. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) व्यर्थ में बेकार प्रयत्न करना पड़ा। (वाक्य शुद्ध कीजिए) 1

(ख) वर्षा होगी तो हरियाली छा जाएगी। (सरल वाक्य में बदलिए) 1

(ग) ओह न तुम सुधरोगी न मैं बदलूँगा (उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए) 1

(घ) ईश्वर तुम्हारा भला करे। (अर्थ के अनुसार वाक्य भेद लिखिए) 1

(ङ) सचिन जानता है कि लारा उससे आगे निकल जाएगा। (रचना के अनुसार वाक्य भेद लिखिए) 1

23. किसी प्रतिष्ठित पत्र के संपादक को पत्र लिखकर बताइए कि एड्स और एच० आई० वी० के बारे में जानकारी क्यों आवश्यक है और लोगों को जागरूक बनाने के लिए आपके विचार से क्या उपाय किए जाने चाहिए। 5

अथवा

अपनी सहेली को पत्र लिखकर बताइए कि घर-परिवार के भीतर भी लड़कियों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार से बचने के लिए क्या करना ज़रूरी है।

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250* शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(क) भारतीय क्रिकेट : पतन की ओर

(ख) अपराध और राजनीति

(ग) मेरा प्रिय रचनाकार

(घ) कंप्यूटर बिना : सब सूना ही सूना

(ङ) आरक्षण : क्यों, किसे और कैसे

25. दिल्ली में कुछ समाचार-पत्रों की प्रसार संख्या नीचे दी जा रही है :

समाचार-पत्र	क	ख	ग	घ
प्रसार संख्या (प्रतियाँ)	13,50,000	17,70,000	17,72,000	13,22,000

(क) उपर्युक्त आँकड़ों को दंड-आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए।

(ख) सर्वाधिक और सबसे कम प्रसार वाले समाचार-पत्रों में पाठक संख्या का अंतर बताइए।

26. निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर इसका सार लिखिए और एक उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 1+3=

वर्तमान समय में कार्बन डाइ-ऑक्साइड निष्कासन की जो दर है, वह यदि वैसी ही बनी रही तो आगामी बीस वर्षों में वायुमंडल में इसकी मात्रा 450 से 550 पी० पी० एम० हो जाएगी। इस निष्कासन के चलते पचास प्रतिशत संभावना इस बात की है कि हमारी पृथ्वी का औसत तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्शियस तक बढ़ जाए! इस बात की चेतावनी देते हुए इंग्लैंड सरकार के आर्थिक सेवाओं के प्रमुख निकोलस स्टर्न ने कहा कि यदि इसे समय रहते नहीं रोका गया तो पृथ्वी अनेक तरह के संकटों से रू-ब-रू हो सकती है। इसलिए पृथ्वी के बढ़ रहे तापमान को रोकने की आवश्यकता है। स्टर्न ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को चाहिए कि इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान दे और इस पर आने वाले खर्चे को मिल-बाँट ले। विकसित देश हों या विकासशील देश, इस मुद्दे पर सबकी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि औद्योगिक देशों को कार्बन डाइ-ऑक्साइड निकलने पर नियंत्रण लगाना होगा और विकासशील देशों को वैकल्पिक कार्बन तकनीक का प्रयोग करना होगा।

खंड–ख

(कार्यालयी हिन्दी)

27. हिन्दी को राष्ट्रभाषा क्यों माना जाता है? 1

28. हमारे देश का सर्वोच्च प्रशासक कौन है? 1

29. किन्हीं **छह** शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखिए : ½×6=3

Supply ; Ballot Paper ; Despatch ; Circular ; Secretary ; Cash Payment ; Statement ; Office Order ; Delivery.

30. सरकारी पत्र और अर्द्धसरकारी पत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

31. नेमी टिप्पणी किसे कहते हैं? इसमें प्रायः प्रयुक्त **चार** टिप्पणियाँ लिखिए। 3

32. डेस्क अधिकारी किसे कहते हैं? वह प्रायः किन मामलों को अवर सचिव के पास भेजता है? 3

33. श्रीमती शोभना प्रसूति अवकाश पर जाने के पूर्व प्रशासन अनुभाग में काम कर रही थीं। छुट्टी से लौटने पर उन्हें लेखा अनुभाग में तैनात करने के कार्यालय आदेश का मसौदा तैयार कीजिए। 3

34. कार्यालय ज्ञापन का प्रयोग किस उद्देश्य से किन-किनके बीच होता है? 3

खंड–ग

(संचार हिन्दी)

27. 'मीडिया' से क्या अभिप्राय है? 1

28. धारावाहिक किसे कहते हैं? 1

29. किन्हीं **तीन** की परिभाषा लिखिए : 3

समाचार ; महाशीर्ष ; फ़ीचर ; स्कूप।

30. 'इंटरनेट' क्या है? यह संचार जगत के लिए किस प्रकार उपयोगी है? 3

31. शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में संचार क्रांति के लाभ लिखिए। 3

32. संचार माध्यमों में प्रयुक्त भाषा की **तीन** विशेषताएँ बताइए।

33. कल्पना कीजिए कि एशियाई खेल 2006 में आप दोहा गए थे। जसपाल राणा के द्वारा भारत के लिए तीन स्वर्णपदक जीतने के समाचार का प्रारूप अपने समाचार-पत्र के लिए लिखिए।

34. संचार माध्यमों के किन्हीं **तीन** अवयवों का परिचय दीजिए।

खंड–घ

(वैज्ञानिक हिन्दी)

27. 'श्वेत क्रांति' का आशय क्या है?

28. किसी भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक का नाम लिखिए।

29. निम्नलिखित कथनों में से किन्हीं **दो** की वैज्ञानिक दृष्टि से समीक्षा कर बताइए कि ये अंधविश्वास हैं या नहीं :

(क) पीपल के पेड़ पर भूत रहते हैं।

(ख) बाबा जी हथेली से राख पैदा कर सकते हैं।

(ग) तोताराम साँप के काटे को मंत्र से ठीक कर देता है।

30. धातु-विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियाँ बताइए।

31. भारत में जनसंख्या वृद्धि के **तीन** कारण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

आर्श (ARSH) का क्या तात्पर्य है? यह युवक-युवतियों के लिए कैसे लाभकर है?

32. कंप्यूटर की उपयोगिता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

33. सामान्य भाषा और विज्ञान की भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

34. किन्हीं **तीन** को परिभाषित कीजिए :

मृत्युदर ; कर्सर ; परमाणु ; मृदा अपरदन ; निषेचन।

★ ★ ★